nt>

Title: Need to expedite setting up of F.M. Radio Station in Amravati district of Vidarbha region, Maharashtra − Laid.

श्री अनंत गुढे (अमरावती): अध्यक्ष महोदय, विदर्भ में अमरावती दूसरा महत्वपूर्ण जिला है। गत् 40 सालों से अमरावती में रेडियो स्टेशन की आवश्यकताओं की मांग होती रही है। सन 1996 में प्रसारण मंत्रालय ने एफ.एम. रेडियो स्टेशन के लिए महाराट्र सरकार से 2.5 हैक्टेयर जगह प्राप्त की है और उसकी 60 लाख रूपये की रकम भी अदा की है। तत्कालीन नभोवाणी मंत्री जी ने इस बारे में मुझे एक पत्र लिखकर दसवीं पंचवर्षीय योजना में इस अमरावती के नए एफ.एम. रेडियो स्टेशन के लिए निधि उपलब्ध कराके काम शुरू कराने का आश्वासन दिया है।

मैं मा0 प्रसारण मंत्री जी को विनती करता हूं कि इस वर्ा इस रेडियो स्टेशन की नींव रखकर काम शुरू कर दें।